No. of Printed Pages : **16**

**CPI (Revised)**

# CERTIFICATE PROGRAMME IN CONSUMER PROTECTION

## Term-End Examination
## June, 2011

## CPI (Revised) : CONSUMER PROTECTION - ISSUES AND ACTS

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

*(Weightage: 70%)*

**Note : CPI (Revised) should be attempted by only those candidates who have taken admission from July, 2009 session.**

*Note : Attempt **any two** questions from **Section-I**. Each question carries **20** marks. Attempt **any four** questions from **Section-II**. Each question carries **10** marks. Attempt **any four** questions from **Section-III**. Each question carries **5** marks.*

01931

### SECTION - I

*Answer **any two** of the following questions in about **600** words. Each question carries **20** marks :* **2x20=40**

1. Discuss with the help of Case Laws the extent and coverage of various kinds of medical services covered under consumer protection Act, 1986.

2. Name any five legislations protecting the interest of consumers in India. Discuss any two in brief.

3. Discuss the rights of consumer provided under consumer protection Act, 1986.

4. What is "Banking ombudsman Scheme" ? Explain in brief its objects/ application and procedure for settlement of disputes.

## SECTION - II

*Answer **any four** of the following questions in about **300** words :* **4x10=40**

5. Describe the essential requirements of 'labelling' for food products.

6. 'X' was a registered Homeopath with Delhi Homeopathic Medical council. He treated 'A' for viral fever and prescribed Allopathic drugs. The condition of 'A' did not improve and as a consequence he died. Explain whether 'X' is guilty of negligence perse ?

7. Discuss the benefits of HACCP (Food Hygienic - Hazard Analysis Critical Control Point) system.

8. Discuss the functions and importance of Bureau of Indian Standards (BIS).

9. Whether the rights provided under consumer protection Act 1986 violate the Fundamental Right to trade ? Explain with the help of Case Laws.

10. Explain when a drug will be deemed (a) misbranded and (b) adulterated under the provisions of the drugs cosmetics Act, 1940.

11. Explain the consumer grievance redressal machinery provided under the consumer protection Act 1986.

12. Discuss the limitations of the CPA 1986.

## SECTION - III

*Write short notes on **any four** of the following in about **150** words :* **4x5=20**

13. Consumer Education

14. International Organisation of Consumers Unions (IOCU)

15. Evolution of consumer rights.

16. The Essential Commodities Act, 1955 in brief

17. United Nations guidelines for consumer protection.

18. Codex Alimentarius.

---

# उपभोक्ता संरक्षण में प्रमाण-पत्र कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2011

## सी.पी.आई. ( संशोधित ) : उपभोक्ता संरक्षण – मुद्दे और अधिनियम

*समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 100*

*(कुल का 70%)*

---

**नोट : यह प्रश्न पत्र केवल उन छात्रों के लिए है, जिन्होंने सी.पी.आई. में पंजीकरण जुलाई 2009 में किया है।**

***नोट :*** *__भाग-I__ में से किन्हीं __दो__ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। __भाग-II__ में से __किन्हीं चार__ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है। __भाग-III__ में से __किन्हीं चार__ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।*

---

### भाग - I

*निम्नलिखित में से __किन्हीं दो__ प्रश्नों के उत्तर लगभग 600 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।* **2x20=40**

1. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत शामिल विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सेवाओं की निर्णयज विधियों की सहायता से चर्चा कीजिए।

2. भारत में उपभोक्तओं के हितों का संरक्षण करने वाले किन्हीं पाँच विधानों(कानूनों) के नाम लिखिए। उनमें से किन्हीं दो की संक्षेप में चर्चा कीजिए।

3. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत उपलब्ध उपभोक्ता के अधिकारों की चर्चा कीजिए।

4. 'बैंकिंग लोकपाल (ऑम्बुड्समैन) योजना' क्या है? इसके उद्देश्यों/अनुप्रयोग और विवादों को निपटाने की क्रियाविधि की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

## भाग - II

*निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।* **4x10=40**

5. खाद्य पदार्थों पर लेबल लगाने की अनिवार्य आवश्यकताओं का वर्णन कीजिए।

6. 'क' दिल्ली होम्योपैथी चिकित्सा परिषद में होम्योपैथ के रूप में पंजीकृत था। उसने वायरल बुखार पीड़ित 'अ' का इलाज किया और उसे एलोपैथी दवा लिखी। 'अ' की स्थिति में सुधार नहीं हुआ और परिणामस्वरूप वह मर गया। व्याख्या कीजिए कि क्या 'क' स्वयं में लापरवाही का दोषी है?

7. एच.ए.सी.सी. पी. (फूड हाइजीन-हेज़र्ड एनालिसिस क्रिटिकल कंट्रोल प्वांइट) प्रणाली के लाभों की चर्चा कीजिए।

8. भारतीय मानक ब्यूरो के कार्यों और महत्व की चर्चा कीजिए।

9. क्या उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 में उल्लेखित अधिकार व्यापार के मूल अधिकार का अतिक्रमण करते हैं? निर्णयज विधि की सहायता से व्याख्या कीजिए।

10. औषधि और प्रसाधन अधिनियम, 1940 के प्रावधानों के अनुसार औषधि को कब :

    (a) गलत ढंग से ब्रांड करना, और

    (b) अपमिश्रित माना जाएगा? व्याख्या कीजिए।

11. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत उपलब्ध उपभोक्ता शिकायत निवारण तंत्र की व्याख्या कीजिए।

12. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 की सीमाओं की चर्चा कीजिए।

## भाग - III

*निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** पर लगभग 150 शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए।* **4x5=20**

13. उपभोक्ता शिक्षा।

14. इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ कंज्यूमर्स यूनियंस। (आई.ओ.सी.यू)

15. उपभोक्ता अधिकारों का विकास।

16. आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (संक्षेप में लिखिए।)

17. उपभोक्ता संरक्षण के लिए संयुक्त राष्ट्र दिशा-निर्देश।

18. कोडेक्स एलीमेंट्राइस।

---

# CERTIFICATE PROGRAMME IN CONSUMER PROTECTION

## Term-End Examination

## June, 2011

## CPI (Pre-Revised) : CONSUMER PROTECTION - ISSUES AND ACTS

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*
*(Weightage: 70%)*

---

**Note : CPI (Pre-Revised) should be attempted by only those candidates who have taken admission upto January 2009.**

*Note : Attempt **any two** questions from **Section-I**. Attempt **any four** questions from **Section-II**. Attempt **any four** questions from **Section-III**.*

---

## SECTION - I

*Answer **any two** of the following questions in about **600** words each. Each question carries **20** marks :* **2x20=40**

1. What do you mean by Economy ? Discuss the nature of Indian Economy.

2. What do you mean by consumer's right to be informed ? Explain how this has evolved in USA, Canada, UK and India ?

3. Explain the following.

(a) Difference between Indemnity and Guarantee

(b) Bailmant

(c) Agency

(d) Implied Contract

4. How does advertisement is used to the consumers into over consumption ?

## SECTION - II

*Answer **any four** of the following questions in about **300** words each. Each question carries **10** marks :* **4x10=40**

5. Discuss the three tier redressel mechanism under the consumer protection Act,1986

6. Who is unpaid seller ? What are the rights of unpaid seller ?

7. Discuss in brief any two Acts relating to Banking services.

8. Write a note on Ecological issues

9. Discuss the role of women as consumers and conservers.

10. Discuss the role of foreign private capital and foreign trade in an economy.

11. Discuss the law relating to safety of Drugs and cosmetics as provided in constitution of India and as under the Indian penal Code, 1860.

12. What do you mean by the term 'negligence' ? Whether medical negligence is covered under consumer protection Act. 1986 ?

## SECTION - III

*Write notes on **any four** of the following in about **150** words :* **4x5=20**

13. Doctrine of "Caveat emptor"

14. Distinction between void and voidable contracts.

15. Product liability

16. National Income

17. Bio-diversity and Biotechnology

18. Consumer Coordination Council (CCC)

---

**सी.पी.आई. ( संशोधन पूर्व )**

# उपभोक्ता संरक्षण में प्रमाण-पत्र कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2011

## सी.पी.आई. ( संशोधन पूर्व ) : उपभोक्ता संरक्षण - मुद्दे और अधिनियम

*समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*
*(कुल का 70%)*

---

*नोट :* ***यह प्रश्न पत्र केवल उन छात्रों के लिए है, जिन्होंनो सी.पी.आई. में पंजीकरण जनवरी 2009 तक किया है।***

*नोट :* *भाग-I में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
*भाग-II में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
*भाग-III में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

### भाग - I

निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग *600* शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए (प्रत्येक प्रश्न *20* अंक का है।) **2x20=40**

**1.** अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं? भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रकृति की चर्चा कीजिए।

**2.** उपभोक्ता के सूचना पाने के अधिकार से आप क्या समझते हैं? अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड और भारत में इसका विकास कैसे हुआ?

3. निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए।

(a) हरजाना और गारंटी में अंतर।

(b) अमानत रखना।

(c) एजेंसी।

(d) अंतर्निहित अनुबंध।

4. उपभोक्तओं को उपभोग के प्रति आकर्षित करने के लिए विज्ञापनों का किस प्रकार इस्तेमाल किया जाता है?

## भाग - II

*निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों (प्रत्येक में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है।)*

**4x10=40**

5. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत त्रि-स्तरीय शिकायत निवारण तंत्र की चर्चा कीजिए।

6. अभुक्त विक्रेता कौन है? अभुक्त विक्रेता के क्या अधिकार हैं?

7. बैंकिंग सेवा से संबंधित किन्हीं दो अधिनियमों की संक्षेप में चर्चा कीजिए।

8. पारिस्थितिकीय मुद्दों पर एक निबंध लिखिए।

9. उपभोक्ता और संरक्षक के रूप में महिलाओं की भूमिका की चर्चा कीजिए।

10. अर्थव्यवस्था में विदेशी निज़ी पूँजी और विदेशी व्यापार की भूमिका की चर्चा कीजिए।

11. भारत के संविधान और भारतीय दंड संहिता, 1860 में उल्लेखित औषधी और प्रसाधन की सुरक्षा से संबंधित कानून की चर्चा कीजिए।

12. 'लापरवाही' शब्द से आप क्या समझते हैं? क्या चिकित्सा में लापरवाही, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत शामिल है?

## भाग - III

निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** पर लगभग *150* शब्दों (प्रत्येक) में टिप्पणियाँ लिखिए। **4x5=20**

**13.** 'क्रय चेतावनी' का सिद्धांत।

**14.** अमान्य और अमान्यकरणीय अनुबंध में अंतर।

**15.** उत्पाद उत्तरदायित्व।

**16.** राष्ट्रीय आय।

**17.** जैव-विविधता और जैव-प्रौद्योगिकी।

**18.** उपभोक्ता समन्वय परिषद्।